डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक : 1946 / फा0सं0–1370 / का0ज्ञा0 / डी.एस.एम.एन.आर.यू. / 2019–20 दिनांक : 04 दिसम्बर, 2019

समस्त विभागाध्यक्ष
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पूर्व प्रेषित पत्रांक 1536 / फा0सं0–1370 / डी.एस.एम.एन.आर.यू. / 2018–19, दिनांक 15 अक्टूबर, 2019 एवं पत्रांक 1671 / फा0सं0–1370 / डी.एस.एम.एन.आर.यू. / 2018–19, दिनांक 25 अक्टूबर, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पूर्व के शैक्षणिक सत्रों (वर्ष 2014 से 2017 तक) में पी0–एच0डी0 कार्यक्रम में पंजीकृत समस्त शोधार्थियों से एक सौ रूपये (रू0 100 / –) मूल्य वाले गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित शपथ–पत्र संशोधित तिथि 31 अक्टूबर, 2019 तक अनिवार्य रूप से प्राप्त किये जाने के उपरान्त अध्यक्ष, विभागीय शोध समिति द्वारा उक्त प्रपत्रों का परीक्षण करते हुए विभागीय शोध समिति के माध्यम से आख्या / संस्तुति प्राप्त करते हुए निर्णय लिए जाने के लिए अध्यक्ष, शोध उपाधि समिति को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु वांछित आख्या / संस्तुति अभी तक अप्राप्त है।

इस सम्बन्ध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने विभाग में पंजीकृत शोधार्थियों द्वारा जमा किये गये प्रपत्रों का परीक्षण करते हुए विभागीय शोध समिति के माध्यम से आख्या / संस्तुति प्राप्त करते हुए दिनांक 20.12.2019 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि : **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**
1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय।
3. तन्त्र विश्लेषक, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव